जरासंध

प्र.१) एक - एक वाक्य में उत्तर लिखें।

अ) पांडवों ने कौनसा यज्ञ करनेका सोचा?

पांडवो ने राजसूय यज्ञ करनेका सोचा।

आ) राजसूय यज्ञ कौन कर सकता है

राजसूय यज्ञ वही कर सकता है जो संसार के सारे नरेशों को पूज्य हो और उनके द्वारा सम्मानित हो।

इ) किसके जीते जी युधिष्ठिर राजसूय यज्ञ नहीं कर सकते?

जरासंध के जीते जी युधिष्ठिर राजसूय यज्ञ नही कर सकते।

ई) जेल में पड़े निर्दोष राजाओं को छुडाने श्रीकृष्ण ने किसका साथ माँगा?

जेल में पड़े निर्दोष राजाओं को छुडाने श्रीकृष्ण ने अर्जुन और भीम का साथ माँगा।

उ) जरासंध ने मेहमानों को कहा ठहराया?

जरासंध ने मेहमानों को यज्ञशाला में ठहराया।

ऊ) जरासंध के बाद मगध की राजगद्दी पर किसे बिठाया?

जरासंध के मृत्यु के बाद मगध के गद्दी पर सहदेव को बिठाया।

ए) भीष्म ने किसकी अग्रपुजा करने की सलाह युधिष्ठिर को दे दी?

भीष्म ने श्रीकृष्ण की अग्रपुजा करने की सलाह युधिष्ठिर को दे दि।

ऐ) शिशुपाल ठहाका मारकर क्यों हँस पड़ा?

श्रीकृष्ण का ऐसा गौरव करना शिशुपाल को अच्छा नही लगा। इसलिए शिशुपाल ठहाका मारकर हँसने लगा।

ओ) राजसूय यज्ञ पूर्ण होने के बाद युधिष्ठिर को कौनसी पदवी मिली?

राजसूय यज्ञ पूर्ण होने के बाद युधिष्ठिर को राजाधिराज यह पदवी मिली।

प्र.२) रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।

अ) बगैर युद्ध के जरासंध इस बात को नहीं मान सकता है।

आ) जरासंध ने आज तक पराजय का नाम तक नहीं जाना है।

इ) इस विशाल संसार में कितने राजाओं के लिए जगह है।

ई) आकांक्षा वह आग है, जो कभी बुझती नहीं।

उ) युधिष्ठिर की यह विनयशीलता भीमसेन को अच्छी न लगी।

ऊ) कुंती के लाल अर्जुन से मुझे यही आशा थी।

ए) जरासंध के स्वागत का भीम और अर्जुन ने कोई जवाब नहीं दिया।

ऐ) चौदहवें दिन जरासंध थककर जरा देर को रुक गया।

ओ) इस प्रकार अजेय जरासंध का अंत हो गया।

औ) जरासंध के वध के बाद पांडवो ने राजसूय यज्ञ किया।

प्र.३) दिए गए शब्दोंके अर्थ लिखें।

अ) कुचक्र - षड्यंत्र

आ) अग्र-पुजा - औरों से पहले कि जाने वाली पुजा

इ) विधिवत् - नियम और कानुन के अनुरुप

ई) अधीन - अवलंबित

उ) स्वागत - सादर अभिनंदन

ऊ) यशस्वी -

ए) साध्य - उपलब्धी

ऐ) पूज्य - श्रद्धा के योग्य

प्र.४) दिए गए वाक्य सही या गलत वह लिखें।

अ) पांडवो ने राजसूय यज्ञ के विषय में सलाह लेने के लिए श्रीकृष्ण को बुलाया। — सही

आ) जरासंध दुर्बल व्यक्ती था। — गलत

इ) श्रीकृष्ण, अर्जुन और भीम जरासंध का वध करने गए। — सही

ई) शिशुपाल श्रीकृष्ण के अग्र-पुजा करने के विषय का मज़ाक बनाने लगा। — सही

उ) श्रीकृष्ण और शिशुपाल में युद्ध छिड़ गया। — सही

ऊ) युधिष्ठिर ने राजसुय यज्ञ नहीं किया। — गलत

ए) चौदहवे दिन जरासंध की मृत्यु हो गयी। — सही

ऐ) श्रीकृष्ण ने शिशुपाल का वध किया। — सही